विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा में आवेदन से वंचित छात्रों को एक और मौका, 18 अप्रैल तक कर सकते हैं, आवेदन।

जयपुर– 12 अप्रैल। राजस्थान विश्वविद्यालय अपनी मुख्य परीक्षा के लिए ऐसे छात्रों जो कि अपने परीक्षा आवेदन प्रस्तुत करने से वंचित रह गए थे, को एक और अंतिम अवसर प्रदान कर रहा है, विश्वविद्यालय के इस निर्णय के अनुसार परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत करने से वंचित रहे ये छात्र विलम्ब शुल्क 500 रू. के साथ 13 से 15 अप्रैल तक एवं परीक्षा शुल्क के बराबर विलंब शुल्क सहित 16 से 18 अप्रैल तक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय जनसम्पर्क प्रकोष्ठ के अनुसार सभी स्नातक पाठ्यक्रमों के साथ स्नातकोत्तर के पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध के वार्षिक पद्धति के अन्तर्गत आने वाले सभी नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वंयपाठी परीक्षार्थी इस अवधि के दौरान अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। एक वर्षिय सर्टिफिकेट डिप्लोमा, पी.जी. डिप्लोमा के साथ ही अन्य सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पी.जी. डिप्लोमा व अन्य सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं पोस्ट डिप्लोमा से जुडे छात्र भी अपने आवेदन कर सकते हैं।

इस अवधि के दौरान बी.एड पार्ट प्रथम व द्वितीय व बी.ए, बी.एस.सी–बी.एड पार्ट प्रथम से चतुर्थ तक व एल.एल.एम के परीक्षार्थी भी अपने परीक्षा आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगें।

विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि परीक्षार्थी अपने परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय की वैबसाइट WWW.univraj.org के माध्यम से कर सकते हैं साथ ही नियमित/पूर्वछात्र/स्वंयपाठी परीक्षार्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र को संबंधित महाविद्यालय से अग्रेषित करवाकर पूर्व में जारी अंकतालिकाओं के साथ विश्वविद्यालय परिसर में स्थित सरदार पटेल भवन के संबंधित कक्ष में आवेदन पत्र भरने के दो दिवस के अन्दर प्रस्तुत कर सकतें हैं। इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश विश्वविद्यालय की वैबसाइट WWW.uniraj.ac.in पर उपलब्ध हैं। ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने सम्बन्धी किसी भी समस्या के लिए विश्वविद्यालय के हैल्पलाइन न. 7726953531 एवं टोल फ्री न. 18001806433 की सहायता ली जा सकती है।

जनसम्पर्क अधिकारी